जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

क्रमांकः जीवि/परीक्षा-2/गोप0/2024/1162 दिनांक : 03.07.2024

स्मरण-पत्र

प्रति,

प्राचार्य,
(समस्त अग्रणी महाविद्यालय, समस्त अनुदान प्राप्त महाविद्यालय,
समस्त स्वशासी महाविद्यालय, विश्वविद्यालय परिक्षेत्र
प्राचार्य,
(एस.एल.पी. महाविद्यालय, वी.आर.जी. महाविद्यालय,
झलकारी बाई महाविद्यालय, भगवत सहाय महाविद्यालय, ग्वालियर)

विषय :- छात्र/छात्राओं को वितरित की गई अंकसूचियों की जानकारी लाने बावत्।
संदर्भ :- क्रमांकः जीवि/परीक्षा-2/गोप0/2024/1083 दिनांक : 19.06.2024

होदय,

उपरोक्त विषय में लेख है कि माननीय कुलपति महोदय के निर्देशानुसार जीवाजी विश्वविद्यालय द्वारा आगामी समस्त परीक्षाओं की तैयारी हेतु एक आवश्यक बैठक दिनांक 20.06.2024 को दोपहर 3:00 बजे विश्वविद्यालय के टण्डन सभागार में आयोजित की गई थी, जिसमें आप सभी को अपने महाविद्यालय से सम्बंधित छात्र/छात्राओं को वितरित की गई समस्त अंकसूचियों की जानकारी निर्धारित प्रोफार्मा पर तैयार कराकर उपलब्ध कराने हेतु अवगत कराया गया था।

संबंधित समस्त महाविद्यालयों को उक्त संदर्भित पत्र के तहत पुनः अवगत कराया जाता है कि अंकसूची संबंधी चाही गई जानकारी आज दिनांक तक अपेक्षित है। अतएव उपरोक्त जानकारी पत्र प्राप्ति के 07 दिवस के भीतर आवश्यक रूप से विश्वविद्यालय की ओर भिजवाने की व्यवस्था करें, जिससे प्राप्त जानकारी से शासन को अवगत कराया जा सके।

प्रभारी परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपिः-

1. प्राचार्य, समस्त संबंधित महाविद्यालय
2. अतिरिक्त संचालक, उच्च शिक्षा, ग्वालियर चम्बल संभाग।
3. कुलगुरू के सचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
4. कुलसचिव के निजी सहायक, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
5. वित्त नियंत्रक, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर की ओर इस आशय के साथ कि वह उक्त बैठक में परीक्षा संचालन शुल्क से संबंधित जानकारी के साथ उपस्थित होने का कष्ट करें।

सहायक-कुलसचिव(परीक्षा)

महाविद्यालय का नाम---

क्र0	पाठ्यक्रम	वितरित की गई अंकसूचियों की संख्या	वितरित नहीं की गई शेष अंकसूचियों की संख्या	रिमार्क

प्राचार्य